# 'पुस्तकायन' सम्पन्न

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित आठ दिवसीय 'पुस्तकायन' पुस्तक मेला का आज समाप्त हो गया। आठ दिन चले इस मेले की थीम इस बार बाल साहित्य पर केंद्रित थी अतः प्रत्येक दिन बाल लेखकों से संवाद, बाल साहित्य के विभिन्न पक्षों पर चर्चा, बाल रचना-पाठ, पुस्तक लोकार्पण एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। 'अपने प्रिय लेखक से मिलिए' कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों के बच्चों को प्रत्येक दिन प्रख्यात बाल साहित्यकारों बालस्वरूप राही, दिविक रमेश, क्षमा शर्मा, कमलजीत नीलों, पारो आनंद एवं आज प्रख्यात उर्दू लेखक असद रज़ा से मिलने और उन्हें सुनने का अवसर मिला।

असद रज़ा ने बच्चों को अपनी कहानी 'नन्हे मुन्नों की सरकार' सुनाई और बच्चों को यह भी बताया कि एक लेखक बनने के लिए क्या-क्या तैयारी करनी होती है। बाल साहित्य कार्यक्रम में प्रख्यात बाल साहित्यकार योगेंद्र दत्त शर्मा की अध्यक्षता में दिशा ग्रोवर, घमंडी लाल अग्रवाल, ऋषि राज, सूर्यनाथ सिंह, वेदमित्र शुक्ल तथा वेलु सरवणन ने अपनी-अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।